web - www.ajhindidaily.com

आज

पटना गुरुवार २५ फरवरी २०१६ सौर १३ फाल्गुन संवत् २०७२ वि०

नगर संस्करण १२+४=१६ पृष्ठ दो रुपये

केंद्रीय उत्पाद संग्रहण शुल्क में 40.15% की वृद्धि

(आज समाचार सेवा)

पटना। बिहार एवं झारखंड में पिछले वर्ष की तुलना में केंद्रीय उत्पाद करों के संग्रहण में ४४ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होगी। सेवा कर के संग्रहण में १८-१९ प्रतिशत की बढ़ोत्तरी है। केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस के अवसर पर केंद्रीय उत्पाद एवं सेवा कर रांची प्रक्षेत्र

केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस पर गौतम बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण

के मुख्य आयुक्त शिव नारायण सिंह, आयुक्त वी सी गुप्ता एवं आयुक्त पीके कटियार ने बुधवार को संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में उक्त बातें कही। मुख्य आयुक्त श्री सिंह ने कहा कि रांची प्रक्षेत्र अर्थात बिहार एवं झारखंड में केंद्रीय उत्पाद कर से चालू वित्तीय वर्ष में १४ हजार करोड़ रुपये की राजस्व संग्रहण का लक्ष्य था। जनवरी तक १४७८० करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहण किया गया है, जो ४०.१५ प्रतिशत की वृद्धि है। चालू वित्तीय वर्श में १६-१७ हजार करोड़ रुपये का केंद्रीय उत्पाद कर का संग्रहण होने की उम्मीद है। श्री सिंह ने बताया कि सेवा कर में जनवरी तक

१७२० करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहण हुआ है। सेवा कर से चालू वित्तीय वर्ष में २२०० करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहण का लक्ष्य है। बिहार एवं झारखंड प्रक्षेत्र देश में केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर संग्रहण में छठवें स्थान पर है। श्री सिंह ने कहा कि बगैर किसी काररवाई के विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों ने राजस्व संग्रहण में बढ़ोत्तरी की है। वे मूल मंत्र 'पाथ' को अपना किया बेहतर प्रदर्शन किया है। पाथ यानि प्रोफेशनल, एकाउंटेबल, ट्रांसपैरेंट एडं ऑनेस्ट व्यवस्था में बेहतर काम करना। श्री सिंह ने कहा कि सेवा कर बढ़ाने के लिए लोगों को जागरूक करेंगे। इसके लिए पटना में कार्याशाला आयोजित की जायेगी। श्री सिंह ने बताया कि केंद्रा.. उत्पाद शुल्क एवं नमक अधिनियम को पूरे देश में २४ फरवरी १९४४ में लागू किया गया था। इसी वजह से २४ फरवरी को केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर मुख्य आयुक्त श्री सिंह ने गौतम बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन किये गये। इस मौके पर विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।